# जिला कृषि मौसम ईकाई
# कृषि विज्ञान केंद्र, केशवना, जालोर

दिनांक-23.05.2024

## मौसम पुर्वानुमान

मौसम केंद्र जयपुर से प्राप्त सूचना के अनुसार 23 मई से 26 मई 2024 को जालोर व सांचोर जिलों में अति उष्ण लहर (भीषण लू) चलने की संभावना हैं। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 45 से 47 डिग्री सेंटीग्रेड तथा रात का तापमान 31 से 33 डिग्री सेंटीग्रेड, अधिकतम आपेक्षिक आद्रर्ता 35 से 56 प्रतिशत तथा न्यूनतम आपेक्षिक आद्रर्ता 10 से 12 प्रतिशत रहने साथ ही साफ़ आसमान के साथ 18 से 26 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएँ चलने की संभावना है।

**अति उष्ण लहर (भीषण लू) के मध्यनजर किसानों/आमजन के लिये सलाह**

1. दोपहर के समय घर से बाहर न निकले, अति आवश्यक हो तो सिर व मुहँ को कपडे से ढ़ककर ही बाहर निकले।
2. ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें यदि संभव हो तो ओ.आर.एस., नींबू पानी व छाछ का प्रयोग करें।
3. अनार व खजूर के बागानों में लू से बचाव हेतू सुबह या शाम के समय हल्की सिंचाई करते रहें तथा मृदा ताप नियंत्रण हेतू घास-फूस/फसल अवशेषों की पलवार का प्रयोग करें।
4. गर्मियों वाले बाजरा, बरसीम तथा नेपियर घास में उपयुक्त मृदा नमी बनायें रखने हेतू हल्की सिंचाई करते रहें।
5. सब्जियों में हल्की सिंचाई करते रहें तथा पकी सब्जियों की तुड़ाई सुबह जल्दी या देर शाम के समय ही करें ।
6. पालतू पशुओं को छायादार स्थान पर रखें तथा दिन में 03-04 बार पानी पिलायें
7. पशु चराने वाले चरवाहें लू के मध्यनजर पशुओं को सुबह जल्दी या देर शाम के समय ही बाहर लेकर जाएँ यदि संभव हो तो घर पर ही पशुओं के लिये चारे व पीने के पानी की व्यवस्था करें।
8. आवारा पशुओं तथा पंछियों के लिये पानी की व्यवस्था करें तथा संभव हो तो बैठने के लिये छायादार स्थान की व्यवस्था करें ।

**Subject Matter Specialist**
**(Agro-met)**
**Krishi Vigyan Kendra, Jalore**
**AU, Jodhpur**

Senior Scientist & Head
**Krishi Vigyan Kendra**
**Jalore**